मेरे कानो में बाबा के जयकारे लगवा देना

(जीवन झूठा सपना है,
मरना है एक हकीकत,
श्याम का दीवाना,
कर रहा है एक वसीयत ||)

ऐ भक्तो मेरे मरने के बाद,
इतना कष्ट उठा देना,
मेरे कानो में बाबा के,
जयकारे लगवा देना......

खाटू धाम के श्याम कुंड में,
तुम स्नान करा देना,
खाटू धाम के श्याम कुंड में,
तुम स्नान करा देना,
ज्योति की रज को लेकर,
ज्योति की रज को लेकर,
मेरे मस्तक तिलक लगा देना,
ऐ भक्तो मेरे मरने के बाद इतना कष्ट उठा देना,
मेरे कानो में बाबा के जयकारे लगवा देना......

केशरिया कपडा लेकर,
उसमे मुझे लिपटा देना,
केसरिया कपडा लेकर,
उसमे मुझे लिपटा देना,
माला डलवा करके इत्र का,
माला डलवा करके इत्र का,
तुम छिड़काव करा देना,
ऐ भक्तो मेरे मरने के बाद इतना कष्ट उठा देना,
मेरे कानो में बाबा के जयकारे लगवा देना......

केसरिया चन्दन का सबको,
माथे तिलक लगा देना,
श्याम प्रभु के भजन सुना कर,
श्याम प्रभु के भजन सुना कर,
शमशान तलक पंहुचा देना,
ऐ भक्तो मेरे मरने के बाद इतना कष्ट उठा देना,
मेरे कानो में बाबा के जयकारे लगवा देना......

सब भक्तो के साथ मिलकर,
मेरी चिता सजा देना,
ॐ श्री श्याम देवाय नमः कह,
ॐ श्री श्याम देवाय नमः कह,

अग्नि प्रवेश करा देना,
ऐ भक्तो मेरे मरने के बाद इतना कष्ट उठा देना,
मेरे कानो में बाबा के जयकारे लगवा देना.......

कोई युक्ति करना ऐसी,
जब दो मुठ्ठी राख बनु,
जहा भक्तो के चरण पड़े,
जहा भक्तो के चरण पड़े,
उस रस्ते में बिखरा देना,
ऐ भक्तो मेरे मरने के बाद इतना कष्ट उठा देना,
मेरे कानो में बाबा के जयकारे लगवा देना.......

मानव जन्म मिले दोबारा,
अष्टपहर गुणगान करू,
श्याम नाम का बनु बावरा,
श्याम नाम का बनु बावरा,
दिव्य कृपा बरसा देना,
ऐ भक्तो मेरे मरने के बाद इतना कष्ट उठा देना,
मेरे कानो में बाबा के जयकारे लगवा देना......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32739/title/mere-kano-me-baba-ke-jaikare-lagva-dena

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |